सार-समाचार

बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। ऋषभदेव थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार 13 जून 2024 को पीडित महेश कटारा पुत्र मावजी कटारा निवासी माथुगामड़ा पालफला डूंगेर सदर डूंगरपुर ने ऋषभदेव पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि कि 9 मई को रिश्तेदार विकास पुत्र बाबू मसार निवासी मसारों की ओबरी की शादी में बाइक लेकर आया था। जहां समारोह के बाद मौके पर जाकर देखा तो बाइक नहीं थी। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में ऋषभदेव थानाधिकारी घनश्यामसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर किशनलाल पुत्र नटवरलाल निवासी कागदर फला आबनकाड तथा मनीष कुमार पुत्र कन्हैयालाल निवासी ढेलाणा फला गुमानपुरा कल्याणपुर को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की गई दो बाइक बरामद की। इसी प्रकार ऋषभदेव थाना पुलिस ने ठाम पंचायत के बाहर सो रहे मजदूरों के मोबाईल चोरी करने के मामले में फरार आरोपी लोकेश पुत्र शंकरलाल निवासी बिलख सोमावत फला बरनावा ऋषभदेव को गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस पूर्व में रामलाल पुत्र देवीलाल, रमेश पुत्र कालुलाल निवासी बिलख सोमावत फला रायला बरनावा को गिरफ्तार कर चुकी है तथा विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन कर चुकी है।

नकदी व मोबाइल छीना

उदयपुर, (कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ पीडित को रोक धमका कर नकदी व मोबाईल छीन ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित लालूराम पुत्र पीथाजी तावड़ निवासी चेचलाया ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 13 जून रात में मैं बाइक पर अपने गांव चेचलाया से दमाणा जा रहा था। जहां बीच रास्ते हकरा पुत्र राहुल धर्मा पुत्र शंकरलाल बडेरा निवासी दमाणा झाडोल ने मुझे रोका और धमका कर मेरी जेब से पांच हजार की नगदी व मोबाईल छीन ले गए। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। इसी प्रकार सूरजपोल थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ पीडिता का मोबाईल छीन ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित पूरण कुमार पुत्र तेजरात मेघवाल निवासी मोकमपुरा रानी पाल हाल हिरणमगरी सेक्टर 5 ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 23 मई रात में मैं हिरणमगरी आकाशवाणी रोड़ की तरफ मोबाईल पर बातचीत करते हुए पैदल जा रहा था। इस दौरान अज्ञात चोर मेरा मोबाईल छीन ले गया।

हादसे में श्रमिक की मौत

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में स्थित फेक्ट्री में काम करते समय घायल हुए श्रमिक की मौत हो गई। अन्यत्र बडगांव थाना क्षैत्र में बाइक की टक्कर से घायल ट्रेलर चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में स्थित पायरोटेक यूनिट पर काम करते समय निचे गिरने पर घायल श्रमिक मन्नूलाल (24) चमार पुत्र गंगाराम चमार निवासी बिहार हाल मादड़ी को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई मोहनलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसी तरह बडगांव थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर सडक पार करते बाइक की टक्कर से घायल ट्रेलर चालक सत्यनारायण (40) पुत्र रामरतन जाखड़ की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। हेडकांस्टेबल राजेन्द्रसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

बस से जेवरात से भरा पर्स चोरी

उदयपुर, (कासं)। उदियापोल बस स्टेण्ड पर अज्ञात बदमाश बस में सवार पीडिता का जेवरात से भरा पर्स चुरा ले गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित विमल कुमार पुत्र चिमरलाल निवासी रावला दरवाजा धरियावद ने सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि शुक्रवार सवेरे मैं, मेरी पत्नी व बच्ची तीनों उदियापोल बस स्टेण्ड पर गांव जाने के लिए बस में बैठे थे। इस दौरान भीड़ में अज्ञात चोर मेरी पुत्री के हाथ में रखे बैग से पर्स निकाल ले गया। जिसमें सोने चांदी के जेवरात व नकदी थी। चोरी गए जेवरात की सूची बाद में देने की रिपोर्ट दी है।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। शादी का झांसा देकर पीडित के साथ दुष्कर्म करने एवं नकदी हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी सदाकत हुसैन नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि मैं मजदूरी करती हू। गत दिनों आरोपी से संपर्क होने पर उसने शादी करने की बात कहते हुए मुझे अपने साथ रखा तथा मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी मजदूरी कर कमाए रूपये में मुझसे हड़प लिए। गत दिनों गर्भवती होने की बात कहने पर आरोपी मुझे छोड़ कर फरार हो गया

जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। झाड़ोल कस्बे में रात के समय मकान में घुस चोर लाखों के सोने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। जानकारी केअनुसार पीडित दशरथसिंह पुत्र ऊंकारसिंह निवासी गोराणा ने झाडोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया 13 जून रात परिवार सहित मकान में सोया था। देर रात आए चोर मकान का कमरा खोल सोने चांदी के जेवरात नकदी सहित करीब पन्द्रह लाख रूपये का माल चुरा ले गए।

अवैध अतिक्रमण खाली करवाया

भीम, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की बगड़ ग्राम पंचायत क्षेत्र में खसरा संख्या 4093 बटा 3822 आरक्षित भूमि एवं खसरा संख्या 41 11बटा4094 से करीब 10 बीघा जमीन से अवैध अतिक्रमण खाली करवाया गया है। ग्राम विकास अधिकारी मोहन सिंह चौहान ने बताया कि सरपंच विशंभर कृष्ण सिंह की मौजूदगी में पंचायत प्रशासन के संसाधनों जेसीबी, ट्रैक्टर ट्रॉली आदि की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है।

संभागीय आयुक्त ने क्षतिग्रस्त नेशनल हाईवे का लिया जायजा

बांसवाड़ा, (निसं)। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन शनिवार को बडोदिया कस्बे के दौरे पर रहे। विद्या निकेतन स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे डॉ. पवन ने नेशनल हाईवे, विद्यानिकेतन स्कूल मार्ग, विश्वकर्मा मंदिर का दौरा करते हुए नेशनल हाईवे को दुरुस्त करने के साथ कस्बे की व्यापक साफ-सफाई के बारे में संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिये।

संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन सुबह बडोदिया पहुंचे और बडोदिया प्रवेश से पहले क्षतिग्रस्त नेशनल हाईवे को देखा। गांव के पर्वतेंग पटेल, संयुक्त निदेशक डॉ. कमलेश शर्मा, वैभव शर्मा आदि ने संभागीय आयुक्त डॉ. पवन को

बांसवाड़ा के बडोदिया कस्बे में नेशनल हाईवे पर क्षतिग्रस्त सड़क के बारे में जानकारी लेते संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के.पवन।

■ **स्कूल मार्ग पर गंदगी देख नाराज हुए, हाथों-हाथ जेसीबी मंगवाकर सफाई कार्य शुरू करवाया**

चिरोला से लेकर पाडीकला तक के 10 किलोमीटर के क्षतिग्रस्त राजमार्ग और यहां होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में बताया। इन लोगों ने संभागीय आयुक्त को बताया कि क्षतिग्रस्त सडक और सडक पर अंधेरे के कारण हाल ही एक सडक हादसे में गांव के ही एक पिता-पुत्र की दर्दनाक मृत्यु हो गई है। इन लोगों ने बताया कि नेशनल हाइवे से गांव में प्रवेश के दोनों तरफ के मार्ग जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन दोनों स्थानों पर पर्याप्त रोशनी, स्पीड ब्रेकर बनाने, डिवाइडर पर खंभा लगाते हुए रेड लाईट लगाने व संकेतक लगाने की मांग की गई। जिस पर संभागीय आयुक्त डॉ. पवन ने तत्काल ही एनएचएआई के अधिकारियों और कलक्टर से बात कर स्थितियों की जानकारी देते हुए नेशनल हाइवे को दुरुस्त कराने, लाइटिंग, रोड फर्नीचर स्थापित करने सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने बताया कि नेशनल हाइवे का यह हिस्सा गुजरात के एनएचएआई के अधिकारियों के अधीन है ऐसे में संबंधित कलक्टर और विभागीय अधिकारियों के साथ जल्द ही बैठक करते हुए इस समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

संभागीय आयुक्त डॉ. पवन ने बालिका उमावि तथा विद्या निकेतन विद्यालय मार्ग पर गंदगी का अंबार देखकर नाराजगी जताते हुए तत्काल प्रभाव से बागीदौरा विकास अधिकारी संदीप शाह, ग्राम पंचायत के सरपंच रमेश चंद्र और सचिव कलावती को जेसीबी के साथ मौके पर बुलवाया। उन्होंने सरपंच, सचिव और विकास अधिकारी से बात करते हुए अपनी मौजूदगी में इस मार्ग पर दोनों और पसरी गंदगी को जेसीबी से साफ करवाने का अभियान प्रारंभ करवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सडक किनारे कचरा और गोबर न डाले इसके लिए उन्होंने ग्राम सचिव को पाबंद करते हुए यहां पर इस आशय की जानकारी देने वाला बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इस संपूर्ण मार्ग की व्यापक साफ-सफाई करवाते हुए सडक के दोनों किनारों पर पौधरोपण किया जाए और यहां गंदगी डालने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को भी इस साफ-सफाई कार्य और पौधारोपण कार्य में अपना सहयोग देने की बात कही। विद्यालय प्रधानाचार्य गोपाल राव और प्रबंधन समिति के ललित दवे ने इस मार्ग पर स्वच्छता कार्य में हरसंभव सहयोग करने और पौधारोपण करवाने की प्रतिबद्धता जताई। संभागीय आयुक्त ने बताया कि आगामी दिनों में स्वच्छता के संबंध में विशाल अभियान चलाया जाएगा। बडोदिया कस्बे के दौरे के तहत संभागीय आयुक्त डॉ. पवन ने भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सर्वतोमुखी खुशहाली की कामना की। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा, गायत्री और विघ्नहर्ता श्री गणेश प्रतिमा का माल्यार्पण किया।

योग सप्ताह आज से

उदयपुर, (कासं)। आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन उदयपुर, आयुर्वेद विभाग राजस्थान, राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार, पतंजलि योग समिति उदयपुर, एवं अन्य सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में रविवार से योग सप्ताह का आगाज होगा।

इसके तहत सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक सुखाडिया समाधि आईनॉक्स मॉल के पास में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास सन कोलेज की सहायक प्रोफेसर डॉ शुभा सुराणा द्वारा करवाया जाएगा। इस पूर्वाभ्यास में आम जन व योग प्रेमी भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग उदयपुर डॉ राजीव भट्ट ने बताया कि रविवार से 20 जून तक में सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक निरंतर प्रोटोकोल का पूर्वाभ्यास करवाया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में सोमवार से 20 जून तक योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास उदयपुर के विभिन्न पर्यटक स्थलों एवं ऐतिहासिक स्थलों पर करवाया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम 21 जून को गांधी ग्राउंड भंडारी दर्शक मंडप में करवाया जाएगा।

करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन

पेसिफिक यूनिवर्सिटी के करियर काउंसलिंग कैम्प का आयोजन किया गया।

उदयपुर, (कासं)। दक्षिण राजस्थान की ख्यातिनाम पेसिफिक यूनिवर्सिटी की ओर से राजस्थान और मध्यप्रदेश में दो दिवसीय करियर कॉउंसलिंग में विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। समय की मांग को देखते हुए विद्यार्थियों को नए कोर्सेज की आवश्यकता होती है लेकिन 12वीं के बाद किस विषय की पढाई की जाए और करियर बनाया जाए

■ **एक साथ 22 शहरों के विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन**

ये विकट समस्या है इस स्थिति को ध्यान में रखकर पेसिफिक विवि ने करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया। शिविर रविवार को भी जारी रहेगा। आबू रोड, फालना, सिरोही, सुमेरपुर, पाली, जोधपुर, जैसलमेर, बाडमेर, राजसमंद, नाथद्वारा, भीलवाडा, चित्तोडगढ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, खेरवाडा, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सागवाडा, सलुम्बर, प्रतापगढ और कोटा में बडी संख्या में विद्यार्थियों करियर मार्गदर्शन दिया। यहां विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्सेज के बारे में डिटेल में समझाया गया।

सार-समाचार

विद्यापीठ संस्थापक जनुभाई की जयंती आज



उदयपुर, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर की 113वीं जयंती रविवार को प्रातः 10.30 बजे पुष्पांजली सभा एवं संगोष्ठी के रूप में मनाई जायेगी। कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि प्रतापनगर परिसर में लगी जनुभाई की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया जायेगा, पश्चात आईटी सभागार में " जनुभाई महज एक नाम नहीं बल्कि विचार " विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमें विद्यापीठ के तीनों परिसरों के डीन, डायरेक्टर, कार्यकर्ता एवं शहर के गणमान्य नागरिक भाग लेंगे।

आईवीएफ बेबीज कार्निवल आज

उदयपुर, (कासं)। नीलकंठ आईवीएफ फर्टीलिटी एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर द्वारा रविवार को आईवीएफ बेबीज कार्निवल का आयोजन प्रातः 11 बजे 100 फीट रोड स्थित योइस होटल में किया जाएगा। नीलकंठ आईवीएफ के डॉ. आशीष सूद एवं डॉ. सिमी सूद ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट होंगे। अतिथि आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एवं कंट्रोलर डॉ. विपिन माथुर एवं राजस्थान सरकार के हेल्थ डिपार्टमेंट के जोइंट डायरेक्टर डॉ. जुल्फीकार ए काजी एवं विशिष्ट अतिथि फर्टी 9 के एक्ज्यूकेटिव डायरेक्टर एवं सीईओ विनेश गढिया होंगे। कार्यक्रम में सेलिब्रेटी अतिथि के रूप में अभिनेत्री चारू असोपा भी उपस्थित रहेंगी। डॉ. सूद ने बताया कि कार्यक्रम में नीलकंठ आईवीएफ द्वारा होने वाले सभी आईवीएफ बेबीज को आमंत्रित किया है जो भारत के कोने-कोने से उदयपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य निःसंतानता से जुडी गलत धारणों को दूर करना है और आईवीएफ के बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह ही होते हैं। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए बच्चों के लिए स्पेशल गेम जोन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न तरह के गेम्स होंगे। इसमें मुख्य रूप से मैजिक शो, ट्रामपॉलिन, टैटू आर्ट, नेल आर्ट, रिमोट कार आदि गेम्स होंगे।

रविवार को भी आधार सुविधाएं उपलब्ध

उदयपुर, (कासं)। डाक विभाग उदयपुर मण्डल द्वारा उदयपुर प्रधान डाकघर, कांकरोली प्रधान डाकघर, शास्त्री सर्कल उपडाकघर और हिरण मगरी उपडाकघर मे आधार पंजीकरण एवं संशोधन हेतु आधार काउंटर की सुविधा उपलब्ध है, जो अब रविवार को भी संचालित रहेगा। प्रवर अधीक्षक डाकघर अक्षय गाडेकर ने बताया कि नागरिकों की आधार संबंधी समस्याओं को देखते हुए एवं राज्य सरकार की खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन वितरण आधार प्रमाणीकरण के लिए उदयपुर प्रधान डाकघर, कांकरोली प्रधान डाकघर, शास्त्रीसर्कल उपडाकघर और हिरणमगरी उपडाकघर आधार संबंधी कार्य जैसे आधार कार्ड पंजीकरण, नवीनीकरण अद्यतन रविवार और डाक अवकाश को भी किया जायेगा।

समय पर बारिश के लिए अनुष्ठान

उदयपुर, (कासं)। हिरणमगरी स्थित आर्य समाज में समय पर वर्षा हेतु यज्ञ व अनुष्ठान अनवरत जारी है। आर्य समाज के प्रधान भंवर लाल आर्य ने बताया कि गत पूर्णिमा से प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक अनवरत यज्ञ अनुष्ठान जारी है। उन्होंने बताया कि भारत भूमि पर समय पर वर्षा होवे अनावृष्टि व अतिवृष्टि से फसलों की रक्षा होवे। खरीफ और रबी की फसल में भरपूर अन्न का उत्पादन हो किसान के परिवार में समृद्धि आये गौ माता को प्रचुर मात्रा में खाद्यान्न व घास उपलब्ध हो। इन कामनाओं की पूर्ति हेतु यज्ञ पुरोहित इन्द्र प्रकाश द्वारा पूर्णिमा से लगातार यज्ञ अनुष्ठान जारी है। रविवार को ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा भी यज्ञ में आहूति देगे।

शुल्क में छूट अब तीन दिन और

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' में हल्दीघाटी युद्ध दिवस 18 जून तक प्रवेश शुल्क में छूट दी जा रही है। संग्रहालय और वाटर लेजर शो दोनों के शुल्क में छूट का प्रावधान किया गया है। निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती के अगले दिन 10 जून से यह छूट शुरू की गई जो हल्दी घाटी युद्ध दिवस 18 जून तक रहेगी। अब इसमें तीन दिन ही शेष रहे हैं।

आभार जताया

बांसवाड़ा, (निसं)। भाजपा के संकल्प पत्र के अनुरूप शिक्षक भर्ती में महिला पदो मे बढोतरी के निर्णय का भाजपा जिलाध्यक्ष लाभ चंद पटेल ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। पटेल ने बताया कि भाजपा के संकल्प पत्र में घोषणा की गई थी कि महिलाओ को शिक्षक भर्ती में 30 की जगह 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अब इस वादे को पूरा कर जो कहते हैं वही करते हैं का प्रमाण दिया है।

कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी उदयपुर (राज.)

क्रमांकः-परि/विज्ञप्ति/2024-25/1756
दिनांकः 14.6.2024

विज्ञप्ति

इस कार्यालय में कु. खुशबु मेहता पिता स्व.श्री ललित मेहता निवासी-62 मोती मगरी , उदयपुर (राज.) में वाहन संख्या RJ27-CB-3693/RJ27-CG-8470 स्वामित्व हस्तान्तरण करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र पेश किया है। उक्त वाहन इनके माता स्व.श्रीमति सुशीला मेहता के नाम से पंजियन है। इस स्वामित्व हस्तान्तरण हेतु किसी को कोई आपत्ति हो तो मय सबूत 07 दिवस में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित हो, इस कार्यालय में पेश करें, अन्यथा उक्त वाहने कु.खुशबु मेहता के नाम स्वामित्व हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।

जिला परिवहन अधिकारी उदयपुर

शिविर का रंगारंग प्रस्तुतियों से समापन

उदयपुर, (कासं)। भारतीय लोक कला मण्डल में 15 मई से एक माह का ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर चल रहा था विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों को लोक कला मण्डल के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य, लोक गायन, लोक वादन एवं पुतली निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया जिसका समापन समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ। निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने बताया कि स्थानीय प्रतिभाओं के कौशल विकास के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया।

सामु. स्वास्थ्य केन्द्र, मादडी
ब्लॉकः झाडोल जिला : उदयपुर

क्रमांक 2024/34 दिनांकः- 13/06/2024

निविदा-सूचना

सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी पानरवा जिला उदयपुर पर 2024-25 में इस कार्यालय के पानरवा चिकित्सा संस्थान पर प्रसुताओं हेतु कलेवा योजना एवं **24x7** साफ सफाई मय सामग्री हेतु अनुभवी सेवा प्रदाता एजेन्सी से उक्त कार्य हेतु निविदा (तकनीकी एवं वित्तिय) आमंत्रित कि जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.06.2024 से 27.06.2024 को 12.00 बजे तक बेची जायेगी व तथा 27.06.2024 को 1.00 बजे प्राप्त की जाकर उसी दिन को दोपहर 02.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अवधि	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा शुल्क
1.	प्रसुताओं हेतु कलेवा योजना	2024-25	2,00,000	4000/	200/
2	**24x7** साफ सफाई मय सामग्री	2024-25	2,70,000	5,400/	300/

शर्ते :-

1. धरोहर राशि बैंकर्स चेक/डीडी द्वारा **''सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी मादडी'** के नाम से देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता कार्यालय समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये रद्ध करने का अधिकार समिति का रहेगा।

डा. धर्मेन्द्र गरासिया
सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
सामु.स्वास्थ्य केन्द्र -मादडी

खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान महिला टेनिस बॉल क्रिकेट लीग में जिले के धार के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बोरावर, मकराना नागौर में आयोजित हो रही प्रथम राजस्थान महिला टेनिस बॉल क्रिकेट लीग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धार की खिलाड़ियों से सुसज्जित कश्ती उदयपुर की टीम ने प्रथम लीग मैच में सीकर एवं द्वितीय लीग मैच में दौसा को पराजित कर पूरे चार अंक प्राप्त किये। प्रशिक्षक नीरज बत्रा के अनुसार प्रथम मैच में सीकर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 91 रन बनाएं जवाब में तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए कश्ती, उदयपुर के बल्लेबाजों गोमती गमेती 45, यशोदा गमेती नाबाद 22 व कप्तान रितु लोढ़ा के नाबाद 16 रनों की बदौलत ने 5 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। उदयपुर ने अपने दूसरे लीग मैच में दौसा को 6 रन से परास्त किया स्लो स्कोरिंग मैच में उदयपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46 रन बनाए लेकिन कप्तान ऋतू लोढ़ा, एंजल डांगी,यशोदा गमेती व भगवती गमेती की गेंदबाजी से दौसा की बल्लेबाजी को 40 रन पर ध्वस्त कर 6 रन से विजय प्राप्त की। कश्ती फाउंडेशन की फाउंडर श्रद्धा मुर्डिया, एसके खेतान महिला क्रिकेट अकादमी के प्रशिक्षक मनोज चौधरी, डॉ. सत्यनारायण सुथार, हेमंत जोशी ने बधाई देकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

पिम्स इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर साईंस ने लांच किया बीसीए कोर्स

उदयपुर, (कासं)। दक्षिण राजस्थान के विद्यार्थियों के करियर को नयी उडान देने के लिए साई तिरूपति विवि उदयपुर ने एक नया बीसीए कोर्स लांच किया है। वर्तमान समय की मांग को देखते हुए यहां पर प्रायोगिक शिक्षा पर आधारित इस कोर्स के लिए सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रारम्भ हो गये हैं। यह जानकारी संघ चेयरमैन आशीष अग्रवाल ने प्रेसवार्ता में दी।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष देवर्षि मेहता, डॉ. नरेन गोयल, डायरेक्टर डॉ. रिमझिम गुप्ता, प्रो. प्रेसिडेंट पियुष जवेरिया, इंडस्ट्री एक्सपर्ट भास्कर गर्ग, प्रिंसिपल विप्रा सुखवाल एवं स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। आशीष अग्रवाल ने बताया कि आज का समय कम्प्युटर का है कई विद्यार्थी बेचलर ऑफ कम्प्युटर एप्लिकेशन कोर्स करना चाहते हैं लेकिन ज्यादातर स्थानों पर पारम्परिक शिक्षण विधि से ही पढाया जाता है इस कारण विद्यार्थियों को अच्छी जॉब नहीं मिल पाती है। हमारा लक्ष्य है विद्यार्थियों को प्रयोगिक ज्ञान देना ताकि उनका करियर अच्छा बन सके। देवर्षि मेहता और डॉ. नरेन गोयल ने बताया कि साई तिरूपति यूनिवर्सिटी के तहत पीआईएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ

पिम्स इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्युटर साईन्स ने बीसीए कोर्स की जानकारी देते हुए डॉ. रिमझिम गुप्ता, प्रो. प्रेसिडेंट पियुष जवेरिया, इंडस्ट्री एक्सपर्ट भास्कर गर्ग, प्रिंसिपल विप्रा सुखवाल।

कम्प्युटर साइंस में तीन साल का डिग्री कोर्स बीसीए करवाया जाएगा।

इसमें मार्केट की मांग को देखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंडस्ट्री आधारित ट्रेनिंग, मशीन लर्निंग, नवीनतम प्रोगामिंग, भाषाओं का ज्ञान, डिजिटल मार्केटिंग का विशेष रूप से ज्ञान दिया जाएगा। कोर्स में किसी भी संकाय से 12वीं पास विद्यार्थी प्रवेश ले सकता है। डायरेक्टर डॉ. रिमझिम गुप्ता ने बताया कि वीम्स के तहत बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन इंटरनेशनल बिजनेस (बीबीए-आईबी) में अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर, विदेश दौरा, ई-कॉमर्स और विदेशी भाषा सीखने का अवसर और एमबीए हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन एंड हेल्थ केयर मैनेजमेंट जिसमें विभिन्न हॉस्पिटल के कार्य एवं सॉफ्टवेयर के साथ संचालित किया जा रहा है, इसके अलावा इसमें हॉस्पीटल के एडमिन संबंधित जॉब से संबंधित काफी अवसर प्राप्त हो सकते हैं। बीबीए कोर्स में विद्यार्थी को एक बार विदेश यात्रा करवायी जाती है ताकि वहां के उद्योगों के प्रबंधन के गुर सीख सके।

प्रो. प्रेसिडेंट पियुष जवेरिया ने बताया कि 21 वर्षो से संचालित वीआईएफटी कॉलेज में फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन आदि कार्सेस करवाए जा रहे हैं। यहां की अनुभवी फेकल्टी टीम द्वारा विद्यार्थियों को प्रेक्टिल नॉलेज दिया जाता है जिससे विद्यार्थियों को बडी कम्पनियों में अच्छा पैकेज व पद मिलता है।